भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 505

दिनांक 14-8-2007/23 श्रावण, 1929 (शक) को उत्तर के लिए

राजभाषा को बढ़ावा

505. श्री रघुवीर सिंह कौशल:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राजभाषा हिन्दी के विकास और इसे बढ़ावा देने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था एवं कार्यक्रम आयोजित और अनुसंधान कार्य करती है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान आज की तिथि तक इस संबंध में शीर्ष-वार जारी की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) हिन्दी वैज्ञानिक शब्दावली विशेषकर भौतिक एवं रसायन शास्त्र से संबंधित शब्दावली को समृद्ध करने और अद्यतन करने के लिए क्या उपाय किये गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माणिकराव गावीत)

(क): और (ख): गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग राजभाषा हिंदी के संवर्धन और विकास के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं करता है तथा कार्यक्रम आयोजित करता है। पिछले प्रत्येक तीन वर्षों के दौरान शीर्षवार निम्नलिखित राशि का उपयोग किया गया :

-2-

क्र. सं.	योजना/परियोजना/कार्यक्रम का नाम	जारी राशि (लाख रुपए)		
		2004-05	2005-06	2006-07
1.	राजभाषा प्रशिक्षण	224.24	193.19	181.63
2.	सॉफ्टवेयर विकास	111.76	278.20	413.10
3.	क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन/संगोष्ठियाँ	6.64	7.96	7.90
4.	राजभाषा पुरस्कार	5.45	7.91	6.10
5.	पुस्तकों, पत्रिकाओं, प्रचार सामग्री का आदि का प्रकाशन	13.57	23.92	25.11

(ग): मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग हिंदी वैज्ञानिक शब्दकोष को समृद्ध और अद्यतन करने के लिए निरन्तर रूप से उपाय करता है। जहां तक भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र का संबंध है, अपेक्षित सूचना निम्नानुसार है :-

भौतिक शास्त्र

प्रकाशन

भौतिक शास्त्र और संबद्ध विषयों पर निम्नलिखित शब्दावलियां/पारिभाषिक शब्दकोष प्रकाशित किए गए हैं :-

1. भौतिक शास्त्र शब्दावली
2. भौतिक शास्त्र की पारिभाषिक शब्दावली
3. फ्लूड मैकेनिक्स की पारिभाषिक शब्दकोष

चालू कार्य :

1. विद्यालय स्तर से संबंधित भौतिक शास्त्र की शब्दावली प्रकाशन के अंतिम चरण में है।

2. इलेक्ट्रॉनिक्स और भौतिक शास्त्र की संबद्ध शाखाओं, जो इंजीनियरी से भी संबंधित है, की अद्यतन शब्दावली तैयार की गई है और मुद्रण के लिए भेजी गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स के पारिभाषिक शब्दकोष पर भी कार्य चल रहा है।
3. प्लाज्मा भौतिक शास्त्र के पारिभाषिक शब्दकोष पर कार्य चल रहा है।

रसायन शास्त्र

प्रकाशन

रसायन शास्त्र और संबद्ध विषयों पर निम्नलिखित शब्दावलियां/पारिभाषिक शब्दकोष प्रकाशित किए गए हैं :-

1. रसायन शास्त्र की शब्दावली
2. इस्पात और अलौह धातुकर्म विज्ञान की शब्दावली
3. उच्चतर रसायन शास्त्र का पारिभाषिक शब्दकोष
4. रसायन शास्त्र (कार्बनिक) का पारिभाषिक शब्दकोष
5. धातुकर्म विज्ञान का पारिभाषिक शब्दकोष
6. पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी का पारिभाषिक शब्दकोष
   - 46000 शब्दों वाली एक अद्यतन रसायन शास्त्र शब्दावली हाल ही में प्रकाशित की गई है।
   - विद्यालय स्तर की रसायन शास्त्र शब्दावली के प्रकाशन पर कार्य चल रहा है।

******